Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title : Regarding severe loss of crops incurred to the farmers in Punjab due to low rainfall and shortage of water in the State.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान पंजाब के उन जिलों की तरफ दिलाना चाहता हूं जिनमें पिछले चार-पांच सालों से समय से और अच्छी वर्ा न होने के कारण सूखे जैसी स्थिति पैदा हो चुकी है। पंजाब के बहुत से ऐसे जिले हैं जहां डीप ट्यूबवैल लगाने की जरूरत है। लेकिन वहां के लोगों की इतनी हिम्मत नहीं है कि वे ट्यूबवैल लगा पायें। पानी का प्रबंध न होने के कारण वहां आज सूखे जैसी स्थिति पैदा हो चुकी है।

मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान किसानों की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। वर्ा 1992 से पहले लोगों ने बिजली के कनैक्शन लेने के लिए एप्लाई किया हुआ है, लेकिन अभी तक उनको ट्यूबवैल लगाने के लिए बिजली के कनैक्शन नहीं मिले हैं। आज जमीन पानी के लिए तरस रही है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि कंड़ी क्षेत्र के होशियारपुर, आनंदपुर और रोपड़ जिलों में एक स्पेशल गिरदावरी करने का आदेश दिया जाये। इसके साथ-साथ मैं केन्द्र सरकार से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि वे अपनी एक टीम वहां भेजे क्योंकि जब हम बार-बार पंजाब के बारे मे क्वैश्चन पूछते हैं तो यही जवाब आता है कि पंजाब से उनको फीड बैक नहीं मिला। इसलिए केन्द्र सरकार अपनी एक टीम वहां भेजे जिससे वे देख सके कि वहां किसानों की क्या हालत है और वह क्यों सूसाइड कर रहा है ?

मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार अपनी टीम पंजाब भेजकर सारी स्थिति का जायजा ले और स्पेशल गिरदावरी का आदेश दिया जाये।